तारा है सारा ज़माना श्याम हम को भी तारो

तारा है सारा ज़माना श्याम हम को भी तारो।
हम को भी तारो श्याम हम को भी तारो॥

हम ने सुना है श्याम मीरा को तारा,
वीणा का कर के बहाना, श्याम हम भी तारो।

हमने सुना है श्याम द्रोपदी को तारा,
साडी का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

हमने सुना है श्याम कुब्जा को तारा,
चन्दन का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

हमने सुना है श्याम गणिका को तारा,
तोते का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

हमने सुना है श्याम अर्जुन को तारा,
गीता का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

हमने सुना है श्याम प्रहलाद को तारा,
खम्बे का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

हमने सुना है श्याम केवट को तारा,
नौका का कर के बहाना, श्याम हम को भी तारो।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/515/title/taara-hai-saara-jamaana-shyam-hum-ko-bhi-taaro

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |